तापमान
अधिकतम 42.4 डिग्री
न्यूनतम 19.6 डिग्री

हरिभूमि
हिसार भूमि
रोहतक, सोमवार, 21 अप्रैल, 2025

12 डा. अंबेडकर व महात्मा फूले का जन्मोत्सव मनाया

12 जनमानस सेवा समिति ने 157 यूनिट रक्त एकत्रित किया

खबर संक्षेप

अग्रोहा क्षेत्र से विवाहिता व युवक लापता, केस दर्ज

हिसार। अग्रोहा थाना क्षेत्र से दो अलग-अलग मामलों में एक विवाहिता और एक युवक लापता हो गए हैं। अग्रोहा निवासी ने बताया कि उसकी पत्नी प्रिया 19 अप्रैल को सुबह घर से गायब हो गई। उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। दूसरे मामले में गांव किरोड़ी की एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि उसका पति सतबीर उर्फ सत्तू 18 अप्रैल की रात घर से निकला और वापस नहीं लौटा।

सड़क हादसे में बाइक सवार किसान की मौत

नारनौंद। नारनौंद में एक सड़क हादसे में 57 वर्षीय किसान की मौत हो गई। हादसा दोपहर करीब 2 बजे सिसाय माइनर के पास हुआ। बाइक सवार किसान को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। मिली जानकारी के अनुसार मोठ करनैल के रहने वाले रमेश रविवार दोपहर नारनौंद से घरेलू सामान खरीदकर लौट रहे थे। एक अज्ञात वाहन ने रमेश की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

हिसार। आदमपुर पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो आरोपियों ढाबी खुर्द निवासी राहुल और चुली खुर्द निवासी पीयूष को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से मोटरसाइकल बरामद की है। चुली कलां निवासी कुलदीप और संजय 27 फरवरी को वे मोटरसाइकल पर सवार होकर गांव के स्टेडियम में कबड्डी का मैच देखने आए थे और मोटरसाइकल वहीं स्टेडियम के पास खड़े किए।

फाइनेंस कंपनी के बाहर से बाइक चोरी, केस

सिरसा। हिसार रोड पर एक फाइनेंस कंपनी के कार्यालय के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में कीर्तिनगर निवासी अमित कुमार ने बताया कि वह हिसार रोड स्थित एक फाइनेंस कंपनी में काम करता है। उसने बताया कि बीते दिवस वह ड्यूटी पर गया था। बाइक बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद बाइक संभाली तो बाइक गायब मिली।

रतिया में वकील के घर से मोटरसाइकिल चोरी

रतिया। वाहन चोरों ने रतिया में एक वकील के घर से मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव भूथन खुर्द हाल न्यू टाऊन, रतिया निवासी गुरप्रीत सिंह ने कहा है कि वह रतिया कोर्ट में वकालत करता है। गत दिवस रात को उसने अपने मोटरसाइकिल को घर के अंदर खड़ा किया था।

बस चालक पर हमला करने के आरोप में केस

रतिया। रतिया बस स्टैंड पर निजी बस चालक पर हमला करने और बस में तोडफ़ोड़ करने के मामले में आज पुलिस ने बस चालक काला सिंह की शिकायत पर अक्कावाली निवासी मोहित व उसके दो साथियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में काला सिंह ने बताया कि मोहित व उसके दो साथियों ने बस स्टैंड पर उस पर हमला कर दिया।

आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस प्रोग्राम संपन्न

हिसार। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की ओर से बरवाला में रूरल हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता ने बताया कि प्रतिभागियों ने योग-ध्यान, प्राणायाम, ज्ञानवर्धक प्रक्रियाओं, बौद्धिक वार्तालाप तथा अद्भुत सुदर्शन क्रिया के माध्यम से अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया।

इलाके में दहशत का माहौल, पुलिस कर रही जांच

पार्षद के घर पर ईंटों से हमला, खिड़कियों के शीशे टूटने से खुली परिवार की नींद

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

नगर परिषद के वार्ड नंबर 23 से पार्षद आशीष उर्फ पिंकू के घर पर कार सवार युवकों द्वारा पत्थर व ईंटे फेंककर तोड़फोड़ करने के मामले में क्षेत्रवासी दहशत में है। पत्थरबाजी के चलते घर की खिड़कियों व पोर्च के शीशे टूट गये। पार्षद के आवास पर पत्थरबाजी किए जाने की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया और जांच शुरू की। पत्थर मारने की घटना रात के अंधेरे में की गई।

पार्षद आशीष उर्फ पिंकू ने बताया कि वह शनिवार रात को अपने परिवार सहित घर में सोया हुआ था कि रात 1.50 बजे अचानक खिड़कियों के शीशे टूटने और घर में ईंट पत्थर गिरने की आवाज से परिवार के सभी सदस्य जाग गए। उन्होंने सोचा कि शायद आंधी आ रही है और आंधी की वजह से शीशे टूट गये होंगे लेकिन जब उसकी मां ने घर के बाहर जाकर देखा तो टूटे हुए शीशे के टुकड़े व ईंट तथा पत्थर पड़े हुए थे। अज्ञात बदमाशों द्वारा उनके घर पर दर्जनभर ईंट व पत्थर फेंके गए जिससे कई खिड़कियों के शीशे टूट गये।

हांसी। पत्थरबाजी से पोर्च का टूटा शीशा तथा जीने व आंगन में पड़ी ईंटें व कांच के टुकड़े। *फोटो: हरिभूमि*

कार सवार युवकों ने की वारदात

पार्षद ने बताया कि जब उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चैक की उसमें काले रंग की कार में सवार होकर 4-5 युवक उसके घर पर ईंट व पत्थर बरसाते नजर आ रहे हैं और ईंट व पत्थर फेंकने के बाद सभी आरोपी पुनः कार में बैठ मौके से फरार हो गए। पार्षद आशीष ने कहा कि उनकी किसी से कोई कहा सुनी या बहस नहीं हुई है। उन्होंने इसे बदमाशों द्वारा जानबूझकर किया गया हमला बताते हुए इसे कोई पुरानी या चुनावी रंजिश इस हमले की वजह हो सकती है। पत्थरबाजी की घटना के समय पार्षद आशीष के अलावा उसके माता-पिता और पत्नी व 11 वर्षीय बेटा घर में मौजूद था।

पार्षद आशीष के आवास पर पत्थरबाजी की सूचना मिलने पर काफी संख्या में क्षेत्र के लोग व विभिन्न राजनैतिक दलों के सदस्य उनके घर पहुंचे और घटना की निंदा करते हुए पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

दहशत फैलाने का प्रयास : थाना प्रभारी

शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद ने बताया कि प्रथम दृष्टया क्षेत्र में दहशत फैलाने के उद्देश्य से शरारती तत्वों द्वारा की गई हरकत लग रही है, लेकिन मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक कर गाड़ी के नंबर को ट्रेस करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही पार्षद के घर पर पत्थरबाजी करने वाले बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

हमला दुर्भाग्यपूर्ण : तायल

हांसी व्यापार मण्डल हांसी के प्रधान प्रवीण तायल ने घटना की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए पुलिस प्रशासन से दोषियों को तुरन्त गिरफ्तार करने की मांग की है। प्रवीण तायल ने कहा कि यदि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया तो वह शहर के सामाजिक लोगों के साथ मिलकर हांसी व्यापार मण्डल को आंदोलन भी करने से गुरेज नहीं करेंगे।

फर्जी वेबसाइट से सभी रहें सावधान : मीणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

- लापरवाही बरतने पर खाली हो सकता आपका बैंक अकाउंट

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा।

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने आमजन को फर्जी वेबसाइट के जरिए हो रही धोखाधड़ी से जागरूक करते हुए कहा है कि धोखाधड़ी करने के लिए एक तरीका वेबसाइट स्पूफिंग का भी है। इसमें अपराधी फर्जी वेबसाइट बनाते है और लोगों के साथ धोखाधड़ी करते हैं। लोग अपना ज्यादातर समय स्मार्टफोन या लैपटॉप पर बिताते है।

ज्यादातर लोग अपने बैंकिंग से जुड़े कामकाज भी ऑनलाइन ही करते हैं ऐसे में साइबर अपराधी भी इसका फायदा उठा रहे हैं। साइबर अपराधी लोगों को अपने झांसे में फंसाकर कुछ मिनटों में उनका बैंक अकाउंट खाली कर देते हैं।

क्या है वेबसाइट स्पूफिंग

वेबसाइट स्पूफिंग में एक फर्जी वेबसाइट बनाई जाती है, जिसका मकसद धोखाधड़ी करना होता है। फर्जी वेबसाइट को असली दिखाने के लिए,अपराधी असल वेबसाइट के नाम, लोगो, ग्राफिक्स और उसके कोड का भी इस्तेमाल करते हैं। वे आपकी ब्राउजर विंडो के टॉप पर एड्रेस फील्ड में दिखने वाले यूआरएल की भी नकल कर लेते हैं। इसके साथ नीचे दायीं तरफ दिए पैडलॉक आइकन की भी नकल करते हैं।

धोखाधड़ी करने का तरीका

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साइबर अपराधी फर्जी वेबसाइट का

इन बातों का रखें ध्यान

पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि आप इस बात का ध्यान रखें कि बैंक कभी भी आपसे गोपनीय जानकारी को पूछने के लिए ईमेल, एसएमएस आदि नहीं भेजता है। अगर आपको ईमेल, एसएमएस मिलता है, जिसमें आपसे आपकी इंटरनेट बैंकिंग सिक्योरिटी डिटेल्स जैसे पिन, पासवर्ड या अकाउंट नंबर मांगा जाता है, तो आपको जवाब उसका नहीं देना चाहिए। इसके अलावा ब्राउजर के विंडो में कहीं पैडलॉक आइकन दिया जाता है। उदाहरण के लिए माइक्रोसॉफ्ट इंटरनेट एक्सप्लोरर में ब्राउजर विंडो में नीचे दायीं तरफ लॉक आइकन मौजूद होता है। अपने वेब ब्राउजर में इस पर क्लिक या डबल क्लिक करके आप वेबसाइट की सिक्योरिटी की डिटेल्स को देख सकते हैं। एसपी ने कहा कि यह चेक करना महत्वपूर्ण है कि सर्टिफिकेट किसके नाम पर जारी किया गया है, क्योंकि कुछ फर्जी वेबसाइट्स में ब्राउजर के पैडलॉक आइकन से मिलता-जुलता पैडलॉक आइकन हो सकता है। उन्होंने कहा कि आज सजग रह कर ही साइबर ठगों की धोखाधड़ी से बचा जा सकता है इसलिए सदैव सजग रहे एवं सतर्क रहें। और किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर डायल करें।

खेतों से ट्यूबवेल के तार चोरी

- चिम्मो में वारदात से हड़कंप, पुलिस से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

उप मंडल के गांव चिम्मो में किसानों के खेत से ट्यूबवेल की तार चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों ने आतंक तक मचा रखा है। पहले भी कुछ किसानों के खेत से ट्यूबवेल की तार चोरी हो गई थी। अब फिर देर रात्रि आधा दर्जन के किसानों के खेत से ट्यूबवेल की तार अज्ञात लोग चोरी करके ले गए। किसानों ने इसकी सूचना सरपंच प्यारा सिंह व पुलिस को दी। सूचना मिलने पर सरपंच प्यारा सिंह मौके पर पहुंचे उन्होंने भी चोरियां करने वाले गिरोह को जल्द से जल्द पकडऩे के लिए पुलिस अधिकारियों से बातचीत की।

सरपंच प्यारा सिंह ने बताया कि देर रात उनके पास किसानों की सूचना मिली कि कई किसानों के खेतों से ट्यूबवेल की तार चोरी हो गई है। सूचना मिलने पर वह खेतों में पहुंचे तो उन्हें पता चला कि आधा दर्जन से ज्यादा किसानों के खेतों से अज्ञात चोर ट्यूबवेल की तार काट कर ले गए हैं, जिस कारण किसानों को लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। सरपंच ने बताया कि इससे पहले भी उनके गांव में ट्यूबवेल की तार चोरी हो गई थी जिसके बारे में पुलिस को सूचित भी किया गया था। सरपंच ने बताया कि एक गिरोह द्वारा सुनियोजित तरीके से किसानों के ट्यूबवेल की तार चोरी की जाती है।

वक्फ संपत्तियों की पारदर्शिता सुनिश्चित होगी

- वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के तहत भाजपा जिला कार्यालय में कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

भूना रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय में वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के तहत जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप से प्रदेश सहसंयोजक घनश्याम गोयल ने शिरकत की। कार्यकर्ताओं को सबोधित करते हुए घनश्याम गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वक्फ (संशोधन) विधेयक-2025 से वक्फ संपत्तियों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी और भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा। गरीब का हक, सिर्फ गरीब को मिलेगा। वक्फ संशोधन अधिनियम के बारे में विपक्षी दलों द्वारा फैलाये जा रहे दुष्प्रचार, भ्रांतियों व अधिनियम के सकारात्मक पहलुओं के बारे में आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से पार्टी की आगामी रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की।

फतेहाबाद। कार्यश्ला में मुख्य वक्ता का स्वागत करते भाजपा नेता। *फोटो: हरिभूमि*

जन जागरण अभियान

प्रवीन जोड़ा ने बताया कि वक्फ सुधार जन जागरण अभियान भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर पर जाकर 20 अप्रैल से लेकर 5 मई तक 'वक्फ सुधार जन जागरण अभियान' के तहत इस कानून के बारे में तथ्यात्मक जानकारी देंगे। इस अवसर पर जिला महामंत्री जगजीत हुड्डा, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवतार सिंह भोंगा, सह संयोजक राम अवतार जैन, जिला महामंत्री अशोक जाखड़ सहित अन्य मौजूद रहे।

गुजवि में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 24-25 को

- देश-विदेश के शोधकर्ता, विद्वान और प्राध्यापक होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

यहां के गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग की ओर से 24 व 25 अप्रैल को प्रथम अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 2025 का आयोजन किया जाएगा। हाइब्रिड मोड में होने वाली इस संगोष्ठी का विषय 'सस्टेनेबिलिटी, टेक्नोलॉजी एवं इनोवेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं एनालिटिक्स, ग्रीन प्रैक्टिसेस एवं एंटरप्रेन्योरशिप तथा मैनेजमेंट है'। संगोष्ठी का आयोजन जगन्नाथ इंटरनेशनल मैनेजमेंट स्कूल (जिम्स), नई दिल्ली और इंडो-गल्फ मैनेजमेंट एसोसिएशन, दुबई के सहयोग से किया जा रहा है, जिसमें देश-विदेश के शोधकर्ता, विद्वान एवं प्राध्यापक भाग लेंगे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि यह सम्मेलन विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और वैश्विक चुनौतियों का समाधान खोजने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

सम्मेलन के लिए अब तक 143 शोध पत्र मिले

हमारा उद्देश्य एक ऐसा मंच प्रदान करना है, जहां विचार-विमर्श सार्थक शोध और व्यावहारिक समाधान में परिवर्तित हो। सम्मेलन के लिए अब तक 143 शोध पत्रों के सारांश प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 40 शोध पत्र एक संपादित पुस्तक में प्रकाशन के लिए चयनित किए गए हैं और 15 शोध पत्र प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशन के लिए अनुशंसित किए गए हैं। इस प्रक्रिया के लिए पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समीक्षा समिति का गठन किया गया था। सम्मेलन की प्रमुख विशेषताओं में श्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार, यूजीसी/स्कोपस/ वेब ऑफ साइंस सूचीबद्ध पत्रिकाओं में प्रकाशन, अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग तथा हाइब्रिड मोड में सहभागिता, जिससे प्रतिभागी भौतिक या ऑनलाइन माध्यम से सम्मेलन में भाग ले सकते हैं।

अफीम सहित नशा तस्कर दबोचा

- एनसीबी ने आरोपी से 227.75 ग्राम अफीम की बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

नशा तस्करों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के दौरान एनसीबी की हिसार यूनिट ने बास गांव के मेन बाजार में 227.75 ग्राम अफीम के साथ एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान बास निवासी सन्नी के रूप में हुई है। निरीक्षक कर्मबीर सिंह ने बताया कि एएसआई हेमराज सिंह अपनी टीम के साथ बास अनाज मंडी के पास मौजूद था। उसे सूचना मिली कि बास गांव के मेन बाजार में एक व्यक्ति अवैध रूप से नशा सप्लाई कर रहा है। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बास गांव में बताए स्थान पर पहुंचकर एक आरोपी को अवैध नशीले पदार्थ अफीम सहित गिरफ्तार कर लिया।

हांसी। अवैध नशीले पदार्थ अफीम के साथ पकड़ा गया आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

50 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

- गिरदावरी करवाकर उचित मुआवजा देने की मांग उठाई

क्षेत्र के गांव मिर्चपुर के खेतों में लगी आग के कारण करीब 50 एकड़ गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। मौके पर किसानों ने पहुंच कर आग पर काबू पाया।

किसानों ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द गिरदावरी करवाकर उचित मुआवजा देने का काम करें ताकि किसानों के घरों का चूल्हा जल सके। अन्यथा उनके परिवारों को दो वक्त की रोटी के लाले पड़ जाएंगे। मिर्चपुर निवासी पीड़ित किसान प्रवीण, वीरेंद्र, सतपाल, जोगिंदर, बिजेंदर, राजा, लोकेश, अमित, जगबीर, रामफल, धर्मवीर, मनोज, बलराज, वीरेंद्र, लहना, रवींद्र इत्यादि ने बताया कि शनिवार की शाम को गांव सीसर की तरफ से आग लगने की सूचना मिली तो सभी ग्रामीण तुरंत प्रभाव से खेतों में पहुंच गए पानी के टैंकरों और ट्रैक्टरों की सहायता से आग पर काबू पाने की कवायद शुरू कर दी। इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को भी दी खेतों के तंग रास्तों में फायर ब्रिगेड की गाड़ी रास्ते में ही अटक गई लेकिन किसानों ने हिम्मत नहीं हारी उन्होंने आग बुझाने के लिए अपने प्रयास जारी रखें।

आजाद हिन्द युवा क्लब ने गांव किरतान से निकाली साइकिल यात्रा

फिट इंडिया साइकिल यात्रा से जागरूक किया

- फिटनेस को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारतीय खेल प्राधिकरण एवं नेहरू युवा केन्द्र के सहयोग से आजाद हिन्द युवा क्लब गांव किरतान से फिट इंडिया साइकिल रविवार यात्रा निकाली गई।

इस यात्रा को मेजर कैप्टन सतवीर ढाका ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राजेश नांगल ने बताया कि भारतीय खेल प्राधिकरण, नेहरू युवा केन्द्र हिसार के सहयोग से फिट इंडिया मूवमेंट के बैनर तले गांव किरतान में फिट इंडिया साइकिल रविवार कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें स्थानीय बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जिन्होंने फिटनेस और स्वास्थ्यपूर्ण जीवन शैली के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्यों से साइकिलिंग पहल में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस मौके पर कैप्टन सतवीर ढाका ने फ्लेग आफ किए। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित किया और युवा प्रतिभागियों को फिटनेस को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान बच्चों ने गांव में साइकिल चलाकर प्रतीकात्मक रूप से गांव जिले और राष्ट्रीय कों स्वास्थ्य फिटनेस और एकता का एक संदेश भी दिया।

हिसार। फिट इंडिया साइकिल यात्रा में भाग लेते प्रतिभागी। *फोटो: हरिभूमि*

ये रहे मौजूद

इस साइकिल यात्रा में विक्की प्रथम, अंकित दूसरे तथा प्रोमिल आर्य तीसरे नम्बर पर रहे और उन्हें इनाम देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कुश्ती कोच राजेश नांगल एवं प्रदीप कुमार, सुनील कुमार, असिस्टेंट सुनील कुमार, आजाद हिन्द युवा क्लब प्रधान कपूर सिंह आर्य, मनवीर बुगालिया, रोहतास, सतपाल, संदीप आदि मौजूद थे।

लोक गायन

लोक संगीत का तात्पर्य पारंपरिक संगीत और लोक संगीत की आधुनिक धारणा दोनों से हो सकता है। हरियाणा प्रदेश में लोक गायन की अलग-अलग शैलियां प्रचलित हैं जैसे घरवा गायन, झूलना, पटका, रसिया, आदि। ये शैलियां राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के लोक गायकों द्वारा गाए जाने या प्रस्तुत किए जाने के तरीके में एक-दूसरे से भिन्न हैं। इसी तरह गाथाएं लोक संगीत का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उनमें आमतौर पर ऊपर बताए गए गीतों की तरह लोक कविता के गीतात्मक गुण नहीं होते। वे समुदाय का अलिखित इतिहास हैं।

लुप्त होती प्रदेश की अनमोल विरासत रागनी

कला-संस्कृति

डॉ. सत्यवान सौरभ

कभी गांवों की चौपालों, मेलों और अखाड़ों में गूंजने वाली यह कला अब केवल कुछ पुराने कलाकारों और रसिकों तक सीमित रह गई है। इसके लुप्त होने के पीछे कई सामाजिक, सांस्कृतिक और तकनीकी कारण ज़िम्मेदार हैं। पहले के समय में गांवों में बैठकर बुज़ुर्ग अपनी अगली पीढ़ी को लोकगीत और रागनी सिखाते थे, लेकिन अब यह परंपरा समाप्त हो रही है। लोकगीतों और रागनी को नयी शैली में ढालने का प्रयास कम हुआ है, जिससे यह लोगों के लिए कम प्रासंगिक हो गई है। इस कला को संरक्षित करने के लिए कोई औपचारिक संस्थान या पाठ्यक्रम भी उपलब्ध नहीं हैं।

हरियाणा की लोकसंस्कृति में रागनी एक महत्वपूर्ण कला है, जो समय के साथ धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है। यह न केवल मनोरंजन का माध्यम रही है, बल्कि सामाजिक संदेश देने, वीर रस जगाने और लोक इतिहास को संजोने का एक प्रभावशाली ज़रिया भी रही है। हरियाणा की रागनी न केवल मनोरंजन का एक सशक्त माध्यम रही है, बल्कि समाज सुधार की दिशा में भी इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। यह लोककला सिर्फ़ संगीत नहीं, बल्कि एक आंदोलन रही है, जिसने लोगों को जागरूक किया, बुराइयों के खिलाफ खड़ा किया और समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास किया। हरियाणवी रागनी लोकसंस्कृति का अभिन्न अंग रही है और इसके प्रचार-प्रसार में जाहरवीर कल्लू खां, अजीत सिंह गोरखपुरिया, दयाचंद लांबा, राजेंद्र खड़खड़ी, जसमेर खरकिया, सुरेंद्र भादू, सूरजभान बलाली, मामन खान, सतीश ठेठ, कविता कसाना के साथ-साथ और भी कई महान कलाकारों का योगदान रहा है। आज भी कई युवा कलाकार रागनी को आगे बढ़ा रहे हैं और इसे डिजिटल मंचों के माध्यम से नई ऊँचाइयों तक ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। हरियाणवी रागनी को जीवित रखने में संदीप सरगथलिया, वीर सिंह फौजी, धर्मवीर नागर, राजबाला, मास्टर छोटूराम बड़वा जैसे कई कलाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इनकी मेहनत और समर्पण से यह लोककला आज भी जीवित है, हालाँकि इसे और संरक्षण और प्रोत्साहन की ज़रूरत है।

रागनी हरियाणवी लोकगीतों और कविताओं का एक विशिष्ट रूप है, जिसे मुख्य रूप से हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में गाया जाता है। इसमें वीरता, प्रेम, भक्ति, सामाजिक मुद्दों और ऐतिहासिक घटनाओं का चित्रण किया जाता है। पहले यह कला अखाड़ों और मेलों में बहुत लोकप्रिय थी, जहां गायक अपनी आवाज़ और जोश के साथ लोगों को मंत्रमुग्ध कर देते थे। रागनी के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों, शिक्षा और समानता पर ज़ोर दिया गया। कई लोकप्रिय रागनियों में बाल विवाह, दहेज प्रथा और महिलाओं पर अत्याचारों का विरोध किया गया है। बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ जैसे संदेशों को रागनी ने जन-जन तक पहुंचाया।

हरियाणवी समाज में जातिगत भेदभाव को ख़त्म करने और समानता का संदेश देने में रागनी की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। कई प्रसिद्ध रागनियों ने बताया कि सभी मनुष्य समान हैं और कर्म को जाति से ऊपर रखना चाहिए। रागनी के माध्यम से शराब, जुए और अन्य नशों की लत से बचने के संदेश दिए गए। कलाकारों ने इन बुराइयों को जड़ से उखाड़ने के लिए प्रेरक गीत गाए। हरियाणा की ग्रामीण जनता के लिए रागनी एक ताकत बनी। इसमें किसानों की समस्याओं, मजदूरों के अधिकारों और सरकार से उनकी माँगों को जोरदार तरीके से उठाया गया। कई रागनियों में किसान आंदोलनों, फ़सल के सही दाम और सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए गए हैं।

ब्रिटिश राज के दौरान रागनी स्वतंत्रता सेनानियों के लिए एक प्रभावशाली हथियार बनी। लोकगायक अपनी रचनाओं के माध्यम से जनता में देशभक्ति की भावना भरते थे और अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का आह्वान करते थे। आज के दौर में भी रागनी समाज सुधार का माध्यम बनी हुई है। डिजिटल मीडिया और मंचों पर युवा कलाकार सामाजिक मुद्दों पर रागनी प्रस्तुत कर रहे हैं। हरियाणवी लोकसंस्कृति की पहचान रागनी समय के साथ लुप्त होती जा रही है। कभी गाँवों के चौपालों, मेलों और अखाड़ों में गूँजने वाली यह कला अब केवल कुछ पुराने कलाकारों और रसिकों तक सीमित रह गई है। इसके लुप्त होने के पीछे कई सामाजिक, सांस्कृतिक और तकनीकी कारण ज़िम्मेदार हैं। पहले के समय में गाँवों में बैठकर बुजुर्ग अपनी अगली पीढ़ी को लोकगीत और रागनी सिखाते थे, लेकिन अब यह परंपरा समाप्त हो रही है। लोकगीतों और रागनी को नयी शैली में ढालने का प्रयास कम हुआ है, जिससे यह लोगों के लिए कम प्रासंगिक हो गई है। नवीन मनोरंजन साधनों टीवी, इंटरनेट और पॉप संस्कृति के बढ़ते प्रभाव के कारण युवा पीढ़ी लोककला से दूर होती जा रही है। आधुनिक संगीत उद्योग में रागनी को वह स्थान नहीं मिला जो अन्य संगीत शैलियों को मिला है। युवा पीढ़ी इसे करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित नहीं हो रही है।

इस कला को संरक्षित करने के लिए कोई औपचारिक संस्थान या पाठ्यक्रम उपलब्ध नहीं हैं। रागनी को नए संगीत वाद्ययंत्रों और आधुनिक ध्वनि तकनीक के साथ प्रस्तुत किया जाए, ताकि यह युवाओं को भी आकर्षित कर सके। हरियाणवी फिल्म और म्यूजिक इंडस्ट्री में रागनी को स्थान दिया जाए। रागनी को रैप और हिप-हॉप जैसी आधुनिक शैलियों के साथ मिलाकर फ्यूज़न रागनी तैयार की जाए, जिससे यह युवाओं तक प्रभावी रूप से पहुंचे। हरियाणवी लोकसंस्कृति का एक महत्वपूर्ण अंग रागनी आज विलुप्ति के कगार पर है। मनोरंजन के आधुनिक साधनों के आगमन और बदलते सामाजिक परिवेश के कारण यह कला पिछड़ती जा रही है। यदि समय रहते इसके संरक्षण के प्रयास नहीं किए गए, तो आने वाली पीढ़ियों को यह विरासत केवल किताबों में ही देखने को मिलेगी। स्कूलों और कॉलेजों में रागनी को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए, ताकि युवा पीढ़ी इसकी जड़ों से जुड़ सके। विश्वविद्यालयों में लोककला और संगीत की पढ़ाई के अंतर्गत रागनी पर शोध को बढ़ावा दिया जाए। बच्चों को पारंपरिक संगीत में रुचि दिलाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। सरकार और सांस्कृतिक संस्थानों को लोक महोत्सवों में रागनी को विशेष स्थान देना चाहिए। यूट्यूब, पॉडकास्ट और सोशल मीडिया के माध्यम से इसे युवाओं तक पहुँचाया जा सकता है। स्कूलों और कॉलेजों में रागनी की शिक्षा दी जानी चाहिए। लोक कलाकारों को आर्थिक और सामाजिक समर्थन दिया जाना चाहिए। रागनी केवल एक गीत शैली नहीं, बल्कि हरियाणा की संस्कृति की पहचान है। यदि इसे संरक्षित करने के लिए उचित क़दम नहीं उठाए गए, तो यह अमूल्य धरोहर धीरे-धीरे विलुप्त हो जाएगी।

अब समय आ गया है कि हम इसे फिर से लोकप्रिय बनाएं और इसकी समृद्ध परंपरा को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएं। रागनी केवल लोकगायन नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने का सशक्त माध्यम है। यह सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज़ उठाने, सुधार की ओर प्रेरित करने और बदलाव लाने की ताकत रखती है। अगर इसे सही दिशा में प्रोत्साहित किया जाए, तो यह समाज सुधार की एक मज़बूत नींव बन सकती है।

रागनी सिर्फ़ गीत नहीं, ये समाज की आवाज़ है!

लोककला हमारी पहचान है, इसे बचाना हमारी शान है!

कविता | **संदीप शर्मा**

खेल पुराणे कड़ै गए

बता रै बील्ले खेल्या करते, वैं खेल पुराणे कड़ै गए ।
बित्ती डंडा गोली कंचे, रोज उल्हाणे कड़ै गए ।

चौक पै टोफी बेच्या करता, वो ताऊ भोळा कड़ै गया
कित गए कलम दवात बता, कट्टे का झोळा कड़ै गया
तीन और दो का करा फैसला, यार बिचौला कड़ै गया
भाङ मैं भूगड़े भुन्या करता, वो दादा ढोला कड़ै गया
बिन्या लीतर् यां हान्डया करते, वैं सीम सिमाणे कड़ै गए

कित गया बङ कित गया पीपळ,कित जाम्मण आळा मोर गया
कित गई कात्तर की गींडी, कित खेल वो घट्टाटोर गया
कित गई गाड्डी कित गए रहड़ू, कित वो कच्चा गोहर गया
कित गए हाळी कित गए [redacted], कित वो डांगर ढोर गया
कड़ै सिपाही चोर गया,ल्हु[redacted]क नैं डराणे कड़ै गए ।

बाग तलक जो फैले थे वैं, शीशम जांडी कड़ै गए
ऐडी ठा चढ चीज मिलै, वैं टांड और टांडी कड़ै गए
जेठ मैं पाणी सीळा रह वैं, बास्सण हांडी कड़ै गए
राम बरसतए उतर् या करते,वैं पूड़े मांडी कड़ै गए
वैं माणस आंडी कड़ै गए,वैं टेम सुहाणे कड़ै गए ।

होया करदी सन्दीप कदे आडै,ऊँची हाट चुबार् यां की
कित गई प्यारे की साईकल जो,लदी रहै थी सार् यां की
छींटे दे-दे थळस्या करते,कित गई पाळ वैं गार् या की
कित पीत्तलके डेग गए कित, आग्य चली गई हार् यां की
कित का डंडा की जाळ गई,जोहडां मैं न्हाणे कड़ै गए ।

कविता | **सरोज दहिया**

किसनै भारत देस बिगाड़्या

साढ्ढा भारत देस कदीमी, बीज बिघन के बोये;
फिल्मां सेत्ती फैसन फैलया, सत करम मिलैं ना टोह्ये ।

झूठी साच्ची घड़ै कहाणी, लोगां नै भरमावैं,
मूरख छोड्डैं काम, अकलबंद नाम्मा खूब कमावैं;
भांड-भडेले-सांगी सारे, एक्टर ईब कहवावैं,
पहल्यां करैं कमाई, फेर संसद म्हैं कुर्सी पावैं ;

नंगड़ जादू सीख गये , सारे नर-नारी मोह्ये,
साढ्ढा भारत देस कदीमी, बीज बिघन के बोये ।

फिल्मां की थी कसर किते, [redacted] इस डिजिटल नै हर ली,
चैनल खूब खखाटे ठार्हे, [redacted]समूची मर ली ;
झूठी कहाणी तैर रही सैं, साची बरगी लाग्गै,
बुद्धि ऊपर पड़दे पड़गे, लोग रात नै जाग्गै ;

धरम-करम ना रहे बखत पै, हांडैं खोये खोये,
साढ्ढा भारत देस कदीमी, बीज बिघन के बोये ।

ज्ञान रह्या ना आश्रमां का, काम वरण तै न्यारे;
बाह्मण पनही बेच रहे सैं, छतरी बणे बिचारे;
जमींदार नै धरती बेची, होगे वारे-न्यारे,
मीहने आळी तनख़ा भा गी, ओट रहे दुत्कारे ;

'दहिया' नै तै गाम-काम म्हैं, जिंदगी के सुख टोह्ये,
साढ्ढा भारत देस कदीमी, बीज बिघन के बोये ।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

शक्तिपीठ राजस्थान के करौली जिले के कैलादेवी गांव में स्थित शक्तिपीठ उत्तर भारत के करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। यहां विशाल मेला लगता है

सिद्ध शक्तिपीठ राज राजेश्वरी कैलादेवी मंदिर

धर्म | **विकास खितौलिया**

ततः कलियुगे प्राप्ते कैलो नामा भविष्यति ।
मम भक्तस्तस्य नामना भाव्या कैलेश्वरीत्यहम् ।।

प्राचीन ग्रन्थों, स्कन्दपुराण में माता के प्राकट्य एवं चरित्र की अनेक कथायें मिलती हैं । पूर्व में इस कैलादेवी मन्दिर में केला मां का यह श्री विग्रह कब और कहाँ से आया, इसका कोई प्राचीन लिखित लेख, अभिलेख या बीजक तो मिलता नहीं। हाँ, जनश्रुति तथा वृद्धजनों के आधार पर इस सिद्धपीठ की स्थापना के विषय में जो कुछ मैया केला रानी के चमत्कारों और उत्पति की अनेक किवदन्तियों से ज्ञात हो सका वह इस प्रकार है कि प्राचीनकाल में बाँसीखेड़ा के पास एक प्राचीन ग्राम लोहर्रा के भयानक जंगल में स्थित गिरी, कन्दराओं में एक दानव रहता था जिसके आतंक के कारण संयासी एवं आमजन ग्रामवासी थर-थर कांपते थे। वहीं लोहर्रा ग्राम से कुछ दूरी पर वर्तमान मन्दिर से 3 किमी दूर एक गुफा में जहाँ बाबा केदारगिरि, माँ भगवती की उपासना तप किया करते थे। दानव के आतंक से मुक्ति दिलवाने के लिए बाबा केदारगिरि ने स्वयं हिंगलाज पर्वत पर जाकर घोर तपस्या की और मां कैलादेवी को प्रसन्न किया और वरदान मांगा कि वह दानव का नरसंहार करे। कुछ समय पश्चात ने उस दानव का मां कैला ने एक कन्या के रूप में कालीसिन्ध नदी के तट पर वध कर दिया। वर्तमान समय में इस स्थान को दानवदह (दानादह) के नाम से जाना जाता है जहां एक बडे पाषाण पर आज भी दानव के पैरों के चिन्ह तथा माताजी के चिन्ह एक शिला पर बने हुए हैं। दानव के वध के पश्चात बाबा केदारगिरी ने कैलादेवी प्रतिमा की स्थापना 1114 ई. में की थी। कैला ग्राम के समीप घोर बियावान जंगल के त्रिकूट नामक पर्वत पर राज राजेश्वरी कैलादेवी का दिव्य मन्दिर है। इस विशाल बियावान जंगल को कैलादेवी अभयारण्य कहा जाता है। यह उत्तर भारत के सिद्ध शक्तिपीठों में से एक है। मन्दिर के नीचे धनुषाकार में एक नदी बहती है जिसे कालीसिल (शिला) नदी कहा जाता है। लगभग सन् 1700 ई. में पुनः निर्मित कैला देवी माँ का यह सिद्ध शक्तिपीठ करौली राज्य जनपद में होने के कारण ही इन्हें करौली वाली माता भी कहा जाने लगा।

बोहरा भगत की किवदन्ती के अनुसार वह अपनी बकरियाँ को उस दुर्गम पहाड़ियों पर चराता था, प्रतिदिन उसकी बकरियां एक विशेष स्थान पर अपना दूध सृवित करती थी। उसने भक्ति भाव से इस स्थल की खुदाई की तो मां केला देवी की प्रतिमा निकली। भगत ने भक्तिपूर्वक पूजन कर ज्योति जगाई धीरे-धीरे प्रतिमा की ख्याति पूरे क्षेत्र में फैल गई। निकटस्थ आमपीतुपुरा ग्राम के मीणा परिवार ने अपनी भक्ति से देवी को प्रसन्न किया। तभी से उसी परिवार के बंशज देवी का भाव प्रकट करके गोठिया कहलाते हैं। अधिकांश लोगों में चर्चा रहती है की माँ कैला देवी की मूर्ति का मुख एक ओर टेढ़ा क्यों है। इस बारे में भी कई किवदन्तियाँ हैं। इनमें कौनसी बात सही है, यह बताना मुश्किल है। कुछ विद्वान लोगों का विचार है कि मां चामुण्डाजी तमोगुणी है और वह मांस मदिरा आदि का भक्षण करती है और माँ कैलादेवी सात्विकी, सतोगुणी है और वे इन चीजों का सेवन नहीं करतीं इसलिए मातेश्वरी केला ने अपना मुख चामुण्डा देवी की ओर से घुमा लिया है ।

एक किवदन्ती के अनुसार आगरे के रहने वाले गोली भगतजी भी कैलादेवी का अनन्य भक्त था जो पुराने जमाने में बैलगाड़ियों के रसाले के साथ देवी भक्तों को लेकर प्रति वर्ष कैलादेवी मंदिर आता था। गोली भक्त को किसी कारणवश मन्दिर में दर्शन नहीं करने दिये, इससे माँ कुपित हो गई और इसी से उनका मुख एक ओर टेढ़ा हो गया। जबकि कुछ लोगों का कहना है कि माताजी का एक भक्त जाते समय माँ से कह गया था कि माँ मैं जल्दी ही लौट कर आऊँगा लेकिन वह फिर नहीं आ सका। अतः माँ का भक्त जिस दिशा में गया था, उसी ओर देखकर उस भक्त की प्रतीक्षा कर रही है।

माँ श्रीकैलादेवी का यह मन्दिर अब जिस भूमि पर बना हुआ है, वह भूमि कभी चम्बल नदी के पार कोटा राज्य में खींची राजा श्री खींची मुकुन्ददास के अधिकार में थी। इन्होंने श्रीकैलादेवी मन्दिर से लगभग 10 किमी. दूर दक्षिण में बसे बाँसीखेरा गाँव में स्थापना बीजक सम्वत 1207 में मां चामुण्डा की मूर्ति स्थापित कर उसकी आराधना की थी। बाँसीखेरा ग्राम खण्डर रूप में परिवर्तित होने के कारण चामुण्डा मैया की यही मूर्ति बाद में सेवा-पूजा के अभाव के कारण करौली के महाराज श्री गोपालसिंह के द्वारा 1708 ई. में यहाँ प्रतिष्ठित हुई । 1787 में मन्दिर का निर्माण कार्य पूरा हुआ बाद में अन्य परवर्ती करौली यदुवंशी शासकों द्वारा समय समय पर मंदिर का व्यापक विकास होता चला आ रहा है। राजा जयसिंहपाल, राजा अर्जुनपाल, राजा भंवरपाल, राजा कृष्ण चंद्रपाल, युवराज विवासतपाल ने मंदिर में अनेक विकास कार्य मंदिर ट्रस्ट के माध्यम से करवाए । प्रतिवर्ष यहाँ अमावस्या से लेकर नवमी तक हजारों दर्शनार्थी पहुँचते हैं। किन्तु चैत्र माह की नवरात्रें के दिनों में तो अपार जन-समूह एकत्र होता है। लाखों जात देने वाले परिवार यहाँ पहुँचकर माता के दर्शन-पूजा करते हैं। अपनी माता की पहली जात देने की लिए श्रद्धालुजन विवाह पश्चात नवविवाहित जोड़े को लेकर माता के दर्शन-पूजा करते हैं और संतान प्राप्ति का सुख पाकर एवं अपनी मन्नत पूरी करने के पश्चात भी आते है । यहाँ नवरात्रों के समय विशालतम लक्खी मेला का आयोजन होता है जिसे कुम्भ के बाद उत्तर भारत का दूसरा धार्मिक मेला माना जाता है। प्रतिदिन रोजाना लाखों की संख्या में दूरदराज के पदयात्री ध्वज लेकर आते हैं। मेले के दौरान महिला यात्री सुहाग के प्रतीक के रूप में हरे रंग की चुड़ियां एवं सिंन्दूर की खरीदारी करती हैं।

समाज निर्माण में फिल्मों का अहम योगदान : अशोक वर्मा

कलाकार | **ओ.पी. पाल**

हरियाणवी सिनेमा के दौर को जीवंत करने के लिए फिल्म और लोक कला से जुड़े कलाकारों ने अपनी संस्कृति एवं परंपराओं को जीवंत करने के लिए बॉलीवुड तक का सफर तय किया है। ऐसे कलाकारों में पिछले लंबे समय से हरियाणवीं फिल्म उद्योग से जुड़े अभिनेता अशोक वर्मा भी शुमार है, जिन्होंने समाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर फिल्मों, वेब सरीज और सीरियलों में अपनी अभिनय की कला के साथ फिल्म निर्माता के रूप में भी लोकप्रियता हासिल की है। हिंदी, पंजाबी और हरियाणवी सिनेमा में लेखन और अभिनय के साथ हास्य कलाकार के रुप में उन्होंने हिरयाणवी संस्कृति और सामाजिक सरोकार से जुड़ मुद्दों को सर्वपरि रखते हुए युवा पीढ़ी को भी सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया है। फिल्म निर्माता और अभिनेता अशोक वर्मा ने हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में कई ऐसे अनछुए पहलुओं को उजागर किया है, जिसमें फिल्मों की पटकथा का सकारात्मक दृष्टिकोण समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकता है।

हरियाणवी फिल्म निर्माता और अभिनेता अशोक वर्मा का जन्म 6 सितंबर 1982 को जींद जिले के गांव रामकली में धर्मवीर वर्मा और ओमपति देवी के घर में हुआ। उनके पिता जींद के सफीदों में हरियाणा स्वास्थ्य विभाग में फोरमैन के पद पर तैनात रहे, जहां वह बचपन से ही परिवार के साथ रहते हैं। घर परिवार में भले ही कोई सांस्कृतिक या कला का माहौल नहीं था, लेकिन अशोक वर्मा को बचपन से ही सांस्कृतिक गतिविधियों में रुचि थी। स्कूल के दौरान वह बाल सभाओं में होने वाले वाले कार्यक्रमों में हिस्सेदारी करते थे। बकौल अशोक वर्मा, साल 2001 में वह जब लैब तकनीशियन की परीक्षा देने चंडीगढ़ गए, तो पता चला कि पंजाबी हास्य कलाकार जसपाल भट्टी भी यहीं रहते हैं और उन्होंने उनसे मुलाकात करके अपनी कला को साझा किया। उन्होंने अपने साथ काम करने का मौका दिया और यहीं से उनका पंजाबी सीरियल प्रोफेसर मनी प्लांट से कला के क्षेत्र में करियर शुरू हुआ। अशोक वर्मा ने बचपन में फिल्मों में काम करने का जो सपना संजोया था उसी लक्ष्य के साथ वह 2005 में मुंबई पहुंच गये, जहां उन्होंने अपने एक दोस्त एवं टीवी सीरियल डायरेक्टर अभिषेक भोला के कहने पर हिंदी बॉलीवुड फिल्म 'गोल्डन बॉयज' के लिए ऑडिशन दिया, जिसके लिए उन्हें डॉक्टर के किरदार के रूप में असरानी और मुकेश तिवारी जैसे कलाकारों के साथ काम करने का मौका मिला। इसी दौरान उन्होंने स्टार प्लस टीवी धारावाहिक में बॉलीवुड अभिनेता के साथ भी अभिनय करने के अलावा हिंदी सीरियल लापतागंज में काम किया, लेकिन कुछ परिवारिक समस्याओं के कारण उन्हें वापस हरियाणा आना पड़ा। उन्होंने हरियाणवी वेब सीरीज़ भूतां का बटेऊ, फिल्मी थाना, दो जुगाड़ी, पहलवान बहु, फंडू सरपंच, फंडू का स्कूल, टाइम पास, धर्मे का कुनबा आदि कई अन्य फिल्मों में हास्य कला का प्रदर्शन किया। तब से वह लगातार हरियाणवी फिल्म उद्योग में काम कर रहे हैं।

ऐसे मिली अभिनय को मंजिल

अभिनेता अशोक वर्मा ने पिछले दो दशक से ज्यादा समय में हरियाणवी, पंजाबी और हिंदी सिनेमा में काम करते हुए फिल्म निर्माता और फिल्म पटकथा लेखक के रूप में भी लोकप्रियता हासिल की है। अब तक 15 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय करने के साथ उन्होंने करीब 20 वेब सीरीज में भी प्रमुख अभिनेता का किरदार निभाया। उनके द्वारा निर्मित हिट फिल्मों में पुनर्जन्म, रमेश रोशनी की लव स्टोरी, वीर किसान, स्वर्ग वर्सेस नरक, भाईचारा आदि में अपने अभिनय की कला को दिखाया है। लोकप्रिय फिल्म निर्माता एवं अभिनेता की आने वाली फिल्मों में मासूम शर्मा, यशपाल शर्मा व सपना चौधरी के साथ फिल्म 'लाइसेंस' मुकेश दहिया के साथ फिल्म 'हलालपुर' के अलावा प्रीत पराई, कमीनो के सुपर स्टार, धीमा जहर, हैलो पुलिस, गडरिया, हॉरर, अनामिका होंगी। वहीं सुमन सेन और अनामिका बावा के साथ फिल्म 'एक रहस्य' और फिल्म 'रोहतक कब्जा' हैं, जिसमें उन्होंने आशुमन प्रोडक्शन के तहत निर्माता की भूमिका भी निभाई है। इसके अलावा अशोक वर्मा ने अमित सैनी रोहतकिया, मासूम शर्मा, एमडी, केडी, देव कुमार देवा, सुरेंदर रोमियो, मनीष मस्त, जीतू जी, विक्की काजला अन्नू कादयान, वीर साहू, सपना चौधरी आदि हरियाणवी टॉप सिंगरों के साथ भी करीब 400 हरियाणवी गानो में बतौर मॉडल व अभिनेता काम किया है। वहीं सरकार, राजनीतिक और विभिन्न कंपनियों के विज्ञापन फिल्मों में भी एक्टिंग की है।

पुरस्कार व सम्मान

हरियाणवी फिल्म निर्माता एवं अभिनेता अशोक वर्मा की फिल्म 'धीमा जहर' को हाल ही में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रोहतक के एमडीयू में आयोजित हरियाणा फिल्म महोत्सव में बेस्ट एडिटर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। साल 2022 में ग्लोबल आईकोनिक अवार्ड से भी नवाजा जा चुका है।

खबर संक्षेप

इंटरलॉक फैक्ट्री में चोरी के आरोपी को जेल भेजा

फतेहाबाद। गांव धांगड़ स्थित इंटरलॉक फैक्ट्री में घुसकर हजारों का सामान चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान सुनील उर्फ आलू पुत्र रोहताश निवासी बीघड़ रोड, ढाणी धांगड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक इन्वर्टर और एक ग्राइंडर भी बरामद किया है। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर हिसार जेल भेजा गया है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी इंस्पैक्टर कुलदीप ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 26 फरवरी को गांव धांगड़ निवासी बलवान सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी धांगड़ में इंटरलाक की फैक्ट्री है। गत दिवस अज्ञात चोर उसकी फैक्ट्री में घुस गया और कमरे का ताला तोडक़र वहां से 1500 की नकदी, इन्वर्टर व ग्राइंडर चोरी कर ले गया है। इस मामले में जांच अधिकारी एचसी कविता देवी ने आरोपी बारे अहम सुराग जुटाते हुए उसे गिरफ्तार कर उसे सलाखों के पीछे भेज दिया है।

दुकान में चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

फतेहाबाद। गांव एमपी सौत्र में एक दुकान में चोरी करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए भूना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान हरी सिंह उर्फ हरिया पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी एमपी सोत्र के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक मोटरसाइकिल बरामद किया है। थाना भूना प्रभारी इंस्पैक्टर सुरेन्द्र ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 18 अप्रैल को गांव एमपी सौत्र निवासी बिंदर सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी गांव में सरकारी स्कूल के पास शैटरिंग की दुकान है। गत दिवस शाम को अज्ञात चोर दुकान का ताला तोडक़र वहां से गऊशाला का दानपात्र चोरी कर ले गए है।

अवैध शराब और 6 कारतूस सहित एक काबू

हिसार। अवैध रूप से शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने सूर्य नगर रेलवे लाइन के पास से एक व्यक्ति को काबू कर 7 बोतल, 72 पव्वे शराब और 6 कारतूस बरामद किए है। मुख्य सिपाही विक्रांत के बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर सूर्य नगर रेलवे लाइन के पास से एक व्यक्ति को अवैध रूप से शराब बेचते हुए काबू किया।

बिजली निगम करेगा शिकायतों का निस्तारण

हिसार। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है।'पूर्ण उपभोक्ता संतुष्टि' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुलझाया जा सके।

सरकारी स्कूल से खाद्य सामग्री चोरी

बरवाला। नजदीकी गांव खरक पूनियां स्थित सरकारी स्कूल में बने प्ले स्कूल से अज्ञात व्यक्ति द्वारा खाद्य सामग्री चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी करने के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गेहूं के दाम बढ़ने की आशंका के चलते स्टॉक करने की मिल रही शिकायतें

सीएम फ्लाइंग टीम ने आढ़तियों के गोदामों में की छापेमारी, गेहूं का स्टॉक जांचा

- टीम ने यहां अनाज मंडी की प्रमुख 5 दुकानों और उनके गोदामों में जाकर किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

आढ़तियों द्वारा गेहूं खरीद में अनियमितताएं बरतने की मिल रही शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए सीएम फ्लाइंग की टीम ने रविवार को शहर की अनाज मण्डी में दबिश दी। टीम ने यहां अनाज मण्डी की प्रमुख 5 दुकानों और उनके गोदामों में जाकर गेहूं के स्टॉक को चैक किया और कागजात जांचे।

सीएम फ्लाइंग द्वारा चेकिंग की सूचना मिलने के बाद आढ़तियों में भी हडकंप का माहौल देखा गया। बता दें कि व्यापार से जुड़े एक्सपर्ट्स का कहना है कि इस बार किसानों का गेहूं मण्डियों में बिकते ही गेहूं के दाम आसमान छूएंगे। इन्हीं संभावनाओं के चलते किसान और आढ़तियों द्वारा गेहूं का स्टॉक करने की खबरें लगातार सुर्खियां बन रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार, सीएम फ्लाइंग हिसार को गुप्त सूचना मिली कि फतेहाबाद में गेहूं की सरकारी खरीद और प्राइवेट खरीद में मार्केट फीस जमा न करवाकर अनियमितताएं की जा रही है। इस सूचना पर सीएम फ्लाइंग के एसआई राजेश कुमार, हेड कॉन्स्टेबल जितेंद्र कुमार ने फतेहाबाद मार्केट कमेटी सचिव यशपाल मेहता के साथ ज्वाइंट टीम बनाई। इस टीम ने दुकान नंबर 96 की फर्म पैनमेश्वरी दास घनश्याम दास की दुकान और खैरातीखेड़ा रोड पर बने गोदाम, दुकान नंबर 43 की केपी केमिकल फर्म की दुकान और खैरातीखेड़ा रोड पर गोदाम, दुकान नंबर 84 की नंदलाल कैलाश चंद्र फर्म की दुकान और सिरसा रोड स्थित गो ग्रीन गोदाम, दुकान नंबर 79 की फर्म फतेह सिंह नियामत सिंह की दुकान और सिरसा रोड स्थित गोदाम और दुकान नंबर 75 की फर्म धर्मपाल ओमप्रकाश की दुकान और गोदाम में जाकर जांच की।

फतेहाबाद। आढ़तियों के गोदामों में गेहूं का स्टॉक चैक करते सीएम फ्लाइंग टीम के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

सभी गोदामों में खरीद मिली सही

सीएम फ्लाइंग के अधिकारियों की ओर से स्टॉक रजिस्टर व गेट पास के अनुसार इन फर्मों की गेहूं का मिलान किया गया। मिलान करने पर सभी गोदाम में गेहूं की खरीद सही पाई गई। सीएम फ्लाइंग के एसआई राजेश कुमार के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। भविष्य में भी अगर कोई सूचना या शिकायत आएगी तो जांच की जाएगी। इस जांच रिपोर्ट को उच्चाधिकारियों को भेजा जाएगा।

बच्चों को साइबर क्राइम के प्रति करें जागरूक: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने अभिभावकों को सलाह दी है कि वे अपने बच्चों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करें। साथ ही कहा कि हम सब यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारा बच्चा साइबर अपराध का शिकार न बने। इसके लिए हमें बच्चों की निगरानी करनी पड़ेगी। निगरानी की कमी खतरनाक साबित हो सकती है। एसपी ने कहा कि हम अक्सर बच्चों को माता-पिता के उपकरणों के साथ-साथ संवेदनशील व्यक्तिगत वित्तीय डेटा तक माता-पिता की निगरानी के बिना एक्सेस करते देखते हैं। अपने माता-पिता के फोन तक पहुंच बेहद खतरनाक है क्योंकि बच्चे इंटरनेट पर हिंसक या आपत्तिजनक सामग्री के संपर्क में आ सकते हैं। अगर बच्चे अपने माता पिता की जानकारी के बिना उनकी ऑनलाइन बैंकिंग सुविधाओं का उपयोग कर ऑनलाइन शॉपिंग करते हैं तो कानूनी रूप से यह एक अपराध है। साइबर अपराध कंप्यूटर नेटवर्क, कंप्यूटर संसाधनों या समग्र रूप से डिजिटल संचार उपकरणों की मदद से किए गए अपराध हैं, जबकि बच्चे इस तरह के अपराधों के लिए सबसे अधिक संवेदनशील होते हैं। यदि उन्हें उचित रूप से संवेदनशील नहीं बनाया गया तो वे किशोर अपराधियों में भी बदल सकते हैं।

- बच्चों को साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में भी जागरूक करें

नकली टेक्स्ट मैसेज भेजकर 69 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने वाले दो युवक गिरफ्तार

हांसी। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने नकली टैक्स्ट मैसेज भेजकर 69 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के गांव धामली निवासी दीपक व ज्ञान सागर निवासी तुफैल के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपियों ने कुछ दिन दिनों पहले हांसी की रुपनगर कालोनी निवासी खुशी के मोबाइल पर फोन करके कहा था कि आपके पापा ने हमें पांच हजार रुपए भेजने के लिए कहा था लेकिन मैंने बेटा गलती से 25 हजार रुपए डाल गए। आरोपियों ने उसके फोन पर 25 हजार रुपए का नकली टैक्स्ट मैसेज भेजकर तथा बातों में उलझाकर उससे 69 हजार रुपए की धोखाधड़ी की थी। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके के कब्जे से 30 हजार रुपए बरामद कर कब्जा पुलिस में लिए गए है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया।

9200 रुपये सहित छह आरोपी काबू

- गैरकानूनी धंधा करने वालों के खिलाफ चलाया विशेष अभियान
- पुलिस ने मामले की जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला पुलिस द्वारा गैरकानूनी धंधा करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए विभिन्न जगहों पर सार्वजनिक रूप से सट्टा खाइवाली करते हुए 6 व्यक्तियों को 9200 रुपए की सट्टाराशि के साथ काबू किया है।

शहर थाना पुलिस ने शहर क्षेत्र में सार्वजनिक जगह पर सट्टा खाइवाली करते हुए राजेंद्र कुमार उर्फ गोलू पुत्र हनुमान सिंह निवासी ढाणी तेजा सिंह शमशाबाद पट्टी सिरसा को 2400 रुपए की सट्टाराशि के साथ गिरफ्तार किया है। जबकि एक अन्य घटना में शहर थाना पुलिस ने रंगड़ी रोड सिरसा क्षेत्र से अजय कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी ढाणी सरवरपुर को सार्वजनिक की जगह पर सट्टा खाईवाली करते हुए 1180 रुपए की सट्टाराशि के साथ काबू किया है। वहीं सिविल लाइन थाना पुलिस की एक टीम ने गश्त व चैकिंग के दौरान चतरगढ़ पट्टी सिरसा क्षेत्र में सार्वजनिक जगह पर सट्टा खाईवाली करते हुए अशोक कुमार पुत्र चुन्नीलाल निवासी रेलवे फाटक चतरगढ़ पट्टी सिरसा को 1020 की राशि की सट्टाराशि के साथ काबू किया है। जबकि इरा गुरप सिरसा क्षेत्र से जग्गा सिंह पुत्र कस्तूरी लाल निवासी निरंकारी भवन चतरगढ़ पट्टी सिरसा को सार्वजनिक जगह पर सट्टा खाईवाली करते हुए 1010 रुपए की सट्टाराशि के साथ काबू किया है। वहीं एक अन्य घटना में रानियां थाना पुलिस ने गांव बाहिया क्षेत्र में सार्वजनिक जगह पर सट्टा खाईवाली करते हुए आशुतोष उर्फ आशु पुत्र प्रेम सिंह निवासी गांव बाहिया को 1870 रुपए की सट्टाराशि के साथ गिरफ्तार किया है। जबकि जिला की सदर थाना पुलिस ने भूपेंद्र उर्फ हैप्पी पुत्र तीरथ राम निवासी गांव मंगल को उसी के गांव से 1680 रुपए की सट्टाराशि सहित काबू करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार गए सभी लोगों के खिलाफ संबंधित थानों में जुआ अधिनियम के तहत मामले दर्ज कर जांच शुरु की गई है।

युवक 6.66 ग्राम हेरोइन सहित काबू

सिरसा। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने गश्त के दौरान शहर के रानियां रोड क्षेत्र से एक युवक को 6 ग्राम 66 मिलीग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा के प्रभारी उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार ने बताया कि सेल सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान बांदर वाली पुलिया से होते हुए रानियां गेट की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस पार्टी जब भारत पेट्रोलियम पंप के पास पहुंची तो पेट्रोल पंप के सामने बाजीगर मोहल्ला वाली गली के कॉर्नर पर एक युवक खड़ा दिखाई दिया। उक्त युवक सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक घबरा गया और वापस मोडक़र कर भागने का प्रयास करने लगा। शक के आधार पर पुलिस पार्टी ने उक्त युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली,तो उसके कब्जा से 6 ग्राम 66 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान ऋषि उर्फ राकेश कुमार पुत्र हरवंश सिंह निवासी बाजीगर मोहल्ला वार्ड नंबर 26 रानियां चुंगी सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना शहर सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई है।

जेईई मेन में आरपीएस के 55 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक पाया स्कोर

- विद्यार्थियों ने भारत में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन की अमिट छाप छोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन के परीक्षा परिणामों में आरपीएस ग्रुप के 55 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल व इससे अधिक अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान रचा। आरपीएस की हर्षि ने 99.985, परसेंटाईल, छवि यादव ने 99.92 परसेंटाईल, सुजल व पियूष व सुजल ने 99.86 परसेंटाइल प्राप्त कर अंकों की सर्वश्रेष्ठता का शिखर छुआ है, वहीं विषयवार परीक्षा परिणाम पर नजर डालें तो आरपीएस की हर्षि, ईशान, लक्षिता व अनुज ने फिजिक्स में 100 पर्सेंटाइल प्राप्त कर पूरे भारत में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन की अमिट छाप छोड़ी। वहीं मैथ्स में ईशान ने 100 परसेंटाइल, छवि ने 99.99, हर्षि ने 99.98, तनिष्क व कार्तिक ने फिजिक्स में 99.96 पर्सेंटाइल प्राप्त की तो वहीं केमेस्ट्रि में हर्षि ने 99.98 पर्सेंटाइल प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजी मनीष राव ने बताया की हर्षि ने 99.985 परसेंटाइल, छवि यादव ने 99.92, सुजल ने 99.86, पियुष ने 99.86, प्रणव कुमार ने 99.83, हर्षित राय ने 99.80, सिद्वार्थ आर्य ने 99.80, इसान अफरिया ने 99.79, चनदाशू ने 99.44, रितविक ने 99.44, रिदम ने 99.77, दिव्यांशी तेवतीया ने 99.77, गुणादित्य संधू ने 99.77, चितवन ने 99.75, प्रियांशु ने 99.75, कृष ने 99.74, अनुज ने 99.69, याशिका ने 99.60, ललित ने 99.58, सुमित पहल ने 99.55, कार्तिक ने 99.52, कृष ने 99.52, श्रुति ने 99.52, द्वितिया गर्ग ने 99.51, मान्यु यादव ने 99.51, वंश ने 99.46, शुभम ने 99.46, विवान राव ने 99.42, विनय ने 99.42, लक्षिका ने 99.38, श्रेयांश रावत ने 99.38, अन्नु शर्मा ने 99.37,अभिनव व अमितानश ने 99.37, दिव्यम ने 99.35, दिपांशु ने 99.34, सिद्धार्थ ने 99.34,कशिश ने 99.33, मानस झा ने 99.32, योगेश कुमार व अंकित गौतम ने 99.29, गुलशन कुमार ने 99.29, मानव चैधरी ने 99.29, निखिल ने 99.26, रिजुल ने 99.20, प्रियांशु ने 99.19, मोहित यादव ने 99.15, रेनित राव ने 99.14, प्रियांशु ने 99.14, गौरव सांगवान ने 99.03, हिमेश ने 99.01, हरमित खुराना ने 99, समर्थ ने 99 व रितू यादव ने 99 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव एवं डिप्टी सीईओ कुनाल राव सहित ग्रुप के सभी विद्यालयों के प्राचार्यों ने अपने प्राध्यापकों के उचित मार्गदर्शन व बच्चों की कड़ी मेहनत तथा अभिभावकों के सहयोग की सराहना की। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि एक ही ग्रुप के सबसे अधिक बच्चों ने जेईई मेन में अच्छी प्रसेंटाईल प्राप्त कर आरपीएस के साथ-साथ अपने जिले व प्रदेश का नाम गौरवांवित किया है।

महेंद्रगढ़। विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

अब तक 4,10,983 एमटी से अधिक हुई गेहूं की आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला की अनाज मंडियों में गेहूं और सरसों की खरीद का कार्य जारी है। अब तक चार लाख 10 हजार 983 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। डीएफएससी मुकेश कुमार ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 39 हजार 891 हजार मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा दो लाख 82 हजार 756 मीट्रिक टन तथा हरियाणा राज्य भंडारण निगम द्वारा 88 हजार 336 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि कालांवाली अनाजमंडी में 43719 मीट्रिक टन, ऐलनाबाद अनाजमंडी में 23838 मीट्रिक टन, सिरसा अनाजमंडी में 25546 मीट्रिक टन, नाथूसरी चौपटा मंडी में 11723 मीट्रिक टन, डबवाली मंडी में 27872 मीट्रिक टन, बड़ागुढ़ा में 12082 मीट्रिक टन, बप्पां में 7601 मीट्रिक टन, डिंग में 13292 मीट्रिक टन, कुत्ताबढ में 5370 मीट्रिक टन, ओढां में 12016 मीट्रिक टन, जीवन नगर मंडी में 16999 मीट्रिक टन और रानियां में 25538 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। साथ ही जिला की अन्य मंडियों में भी गेहूं व सरसों की खरीद भी जारी है।

- अनाज मंडियों में गेहूं और सरसों की खरीद का कार्य जारी
- खाद्य एवं आपूर्ति विभाग एवं हैफेड कर रही खरीद कार्य

आग लगने से हुए नुकसान की भरपाई करे सरकार : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष व अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव बजरंग गर्ग ने दुकानों में आग लगने पर लाखों रुपए नुकसान होने पर गहरी चिंता प्रकट की है। भीषण गर्मी व सोट सर्किट के कारण शहर में तीन दुकानों में आग लगना व सिवानी मंडी में दो दुकानों में आग लगने से लाखों का सामान व फर्नीचर जलकर राख हो गया। बजरंग गर्ग ने मांग की कि दुकानों में आग लगने से जो भारी नुकसान हुआ है, सरकार को उसकी भरपाई करनी चाहिए ताकि व्यापारी पुनः अपना व्यापार ठीक ढंग से कर सकें। बजरंग गर्ग ने शहर में मोबाइल शॉप व रेडीमेड कपड़े की दुकान में आग लगने पर पीड़ित व्यापारी से मिलने गए और उनसे दुकान में आग लगने की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मोबाइल की दुकान कार्तिक मोबाइल गैलरी व शिव गारमेंट्स रेडीमेड कपड़े की दुकान में लगभग 15 से 20 लाख रुपए तक का दोनों का अलग-अलग नुकसान हुआ है। इसी प्रकार सिवानी के तिरपाल, रसी, पगड़ी आदि का समान बेचने वाले व्यापारी अनिल कुमार की दुकान में आग लगने से सारा समान जलकर राख हो गया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार किसानों की फसल जल जाने पर किसानों को मुआवजा मिलता है उसी तरह दुकान व फैक्ट्रीयों मे आग लगने पर व्यापारियों को भी पूरा मुआवजा देने का कानून सरकार को बनाना चाहिए।

हिसार। व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग पीड़ित व्यापारियों से मिलते हुए।

शिक्षकों ने कार्यशाला में जानी एआई की महत्वता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

दिल्ली पब्लिक स्कूल परिसर में केपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम (सीबीपी) के अंतर्गत कक्षा शिक्षण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रभावी उपयोग पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक तकनीक विशेषकर एआई के शैक्षिक उपयोग के प्रति जागरूक करना तथा कक्षा-कक्ष में इसके व्यवहारिक प्रयोग की विधियों से परिचित कराना था। कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या रमा दहिया व रिसोर्स पर्सन प्रदीप कुमार व प्रिया द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के युग में तकनीकी ज्ञान विशेषकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षण प्रक्रिया को और अधिक प्रभावशाली एवं छात्र-केंद्रित बना सकती है। इस अवसर पर विशेषज्ञ प्रशिक्षक प्रदीप कुमार (एआई विशेषज्ञ/सीबीएसई प्रशिक्षक) ने शिक्षकों को एआई के मूल सिद्धांतों, शैक्षिक उपकरणों तथा विभिन्न एआई आधारित एप्लिकेशनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने उदाहरणों व प्रायोगिक गतिविधियों के माध्यम से यह बताया कि एआई कैसे छात्रों की सीखने की गति, समझ और सहभागिता को बेहतर बना सकता है।

- दिल्ली पब्लिक स्कूल परिसर कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रभावी उपयोग पर कार्यशाला का किया आयोजन

एडवाइजरी: पैसा डबल करने वाले गिरोह से बचें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला पुलिस प्रशासन ने आमजन को नसीहत दी है कि वे पैसा डबल करने वाले गिरोह से सावधान रहें क्योंकि वे किसी न किसी प्रलोभन के माध्यम से आमजन को ठगने की फिराक में रहते हैं। पैसा दोगुना करने वाले गिरोह से हमेशा सावधान रहना चाहिए और किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना पैसा दोगुना करने के लिए नहीं देना चाहिए।

पुलिस प्रशासन ने आमजन से आग्रह भी किया है कि वे अपने पैसे की सुरक्षा के लिए हमेशा सावधानी बरतें और यदि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि नजर आए तो तुरंत पुलिस को सूचित करें ताकि समय रहते इस प्रकार की ठगी करने वाले लोगों को पकड़ा जा सके। पुलिस एडवाइजरी में कहा गया है कि सिरसा पुलिस ऐसे मामलों के प्रति काफी गंभीर और सतर्क है। पुलिस ऐसे समाजविरोधी कार्य करने वालों पर नजर बनाए हुए है और ऐसे मामलों की गहनता से जांच कर रही है। यदि जांच के दौरान जो भी व्यक्ति संलिप्त पाया जाएगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन की ओर से आमजन से अपील की गई है कि सावधानी व सतर्कता ही ठगी का शिकार होने से बचा सकती है।

जिला पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने कहा कि हाल ही में जिला की सीआईए सिरसा पुलिस ने पैसा दुगुना करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो लोगों को 50 हजार रुपए की नकली करंसी व पुलिस की वर्दी के साथ काबू किया है।

संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर दें पुलिस को सूचना: एसपी

26 अप्रैल को सिरसा में प्रवेश करेगी साइकिल यात्रा

साइक्लोथॉन: अब तक 43,000 से ज्यादा पंजीकरण

- नागरिकों से यात्रा में जुड़कर समाज को नशे के गिरफ्त से मुक्त कराने में योगदान देने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश देने के लिए प्रदेश में आयोजित साइकिल यात्रा का जिला में 26 अप्रैल को प्रवेश होगा। यात्रा के भव्य स्वागत के लिए जहां जिला में तैयारियां की जा रही है, वहीं आमजन भी नशे के खिलाफ इस मुहिम से जुडक़र व्यापक स्तर पर जन समर्थन कर रहे हैं। अब तक 43000 से ज्यादा नागरिक पंजीकरण कर चुके हैं। यह साइक्लोथॉन एक साइकिल यात्रा नशा मुक्ति के नाम थीम पर आधारित है, जिसकी शुरुआत 5 अप्रैल को हिसार से हुई थी और 27 अप्रैल को समापन सिरसा जिला में होगा। इस साइकिल यात्रा के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रही है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य हरियाणा को नशा मुक्त बनाना है। हिसार से शुरू हुई यह साइक्लोथॉन पूरे राज्य में युवाओं को जोड़ते हुए एक सामाजिक परिवर्तन की अलख जगा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में विभिन्न स्थानों पर यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा और इसके जरिए युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। उन्होंने आम नागरिकों से आह्वान किया कि वे इस अभियान से जुडक़र समाज को नशे की गिरफ्त से मुक्त कराने में अपना योगदान दें। उन्होंने सभी स्कूल, कॉलेजों, एनजीओ, केमिस्ट एसोसिएशन, नशा मुक्ति केंद्र, ड्रग फ्री गांव के सरपंचों आदि को इस यात्रा में भाग लेने का आह्वान किया।

10 विजेता प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि इस साइकिल यात्रा के पहले स्थान पर आने वाले प्रतिभागी को एक शानदार साइकिल के साथ 2100 रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा। वहीं दूसरे स्थान पर आने वाले को 7100 रुपये, तीसरे को 6100 रुपये, चौथे को 5100 रुपये, पांचवें को 4100 रुपये और छठे व सातवें स्थान पर आने वालों को 3100-3100 रुपये दिए जाएंगे। इसी तरह आठवें से दसवें स्थान तक आने वाले प्रतिभागियों को भी 2100-2100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा इस साइकिल यात्रा में पंजीकरण कराने वाले हर प्रतिभागी को ई-प्रमाण पत्र भी प्राप्त होगा।

खबर संक्षेप

पीड़ित किसानों के लिए मुआवजे की मांग की

आदमपुर। क्षेत्र के विधायक व सेवानिवृत आईएएस चंद्रप्रकाश ने खेतों में आगजनी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि कडक़ती ठंड व तपती गर्मी में दिन-रात मेहनत करके किसान ने फसल उगाई है लेकिन अंधड़ की मार के बाद अब खेत-खलिहानों में आगजनी से किसान बर्बादी की कगार पर पहुंच गए हैं। उन्होंने आगजनी से प्रभावित आदमपुर हलके के सीसवाल गांव सहित अन्य गांवों का अवलोकन करके किसानों से मुलाकात की और क्षतिग्रस्त फसल का जायजा लिया।

आदमपुर के विधायक चंद्रप्रकाश ने कहा कि आगजनी से राख हुई फसलों का मुआवजा तुरंत प्रभाव से किसानों को दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही अंधड़ से भी काफी फसलें प्रभावित हुई हैं। उनकी गिरदावरी करवाकर मुआवजा प्रदान किया जाना चाहिए।

ग्राहक ने दुकान मालिक पर लगाए गंभीर आरोप

बरवाला। मेन रोड पर स्थित एक फर्नीचर एंड इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में लिफ्ट गिरने से दो लोग ग्राहक और दुकानदार गंभीर रूप से घायल होने के मामले में पुलिस ने दुकानदार चंद्रप्रकाश के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना के अनुसार गत दिवस सायंकाल जब गांव बालक निवासी रमेश फर्नीचर दुकान पर अनाज डालने के लिए टंकी देखने गया था। गांव बालक निवासी पीड़ित ग्राहक रमेश ने बताया कि वो मेन रोड पर स्थित फर्नीचर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान पर गया था, जहां दुकान मालिक चंद्रप्रकाश ने बताया कि अनाज डालने के लिए टंकी तीसरी मंजिल पर रखी है और वो लिफ्ट से ऊपर चलने को कहने लगा। जब वे तीसरी मंजिल पर पहुंचे, तो अचानक लिफ्ट नीचे गिर गई, जिससे रमेश को चोटें आईं।

सत्य की साधना करना ही ब्रह्मनाद ध्यान : किरण

हिसार। समर्थगुरू सिद्धार्थ फाउंडेशन के तत्वाधान में समर्थगुरु संघ ने कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में आज संडे ध्यान का कार्यक्रम आयोजित किया। आज के सेशन में आचार्या किरण ने ब्रह्मनाद ध्यान करवाया।

आचार्या किरण ने कहा कि ब्रह्मनाद ध्यान अर्थात वह आदिनाद, जो इस सृष्टि की उत्पत्ति से पहले था और जो आज भी प्रत्येक कण में गुंजायमान है। यह एक शक्तिशाली ध्यान तकनीक है जिसका उद्देश्य व्यक्ति को ब्रह्मांडीय चेतना से जोडऩा है। यह ध्यान हमें अपनी सीमित पहचान से परे जाकर, सम्पूर्ण ब्रह्मांड के साथ एकाकार होने का अनुभव कराता है। इसे विस्तार का ध्यान या अनंतता का ध्यान भी कहा जाता है।

शिरोमणी भगत धन्ना जाट की जयंती मनाई

हिसार। शिरोमणी भगत धन्ना सेवा समिति की अध्यक्ष गायत्री देवी ने यहां आयोजित शिरोमणी भगत धन्ना जी की जयंती समारोह में शिरकत की। उन्होंने शिरोमणी भगत धन्ना जी को पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गायत्री देवी ने कहा कि भगत धन्ना सेवा समिति के प्रयासों से ही हरियाणा सरकार पिछले तीन वर्षों से लगातार राज्य स्तर पर भगत धन्ना जी की जयंती धूमधाम से मना रही है। उन्होंने कहा कि भगत धन्ना ने समाज को जाति-पाति और भेदभाव से ऊपर उठकर ईश्वर भक्ति, समरसता और सेवा का मार्ग दिखाया।

संघ की नई कार्यकारिणी ने किया दायित्व ग्रहण

हिसार। जाट धर्मशाला में जाट सेवक संघ की नई कार्यकारिणी के परिचय, स्वागत एवं दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत शिरोमणी भगत धन्ना जाट जी की 611वीं जयंती पर उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित करके की गई। महासचिव जोगिन्द्र पातड़ ने नवगठित कार्यकारिणी का परिचय करवाया। संघ के प्रधान राजेश बड़ाला ने सदस्यता अभियान को गति देने, छात्रावास निर्माण तथा निकट भविष्य में चिंतन शिविर आयोजित करने के प्रस्ताव रखे, जिन्हें उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से हाथ उठाकर उनका समर्थन किया।

कच्चे कर्मचारियों को हटाने के विरोध में सर्व कर्मचारी संघ का प्रदर्शन

प्रदर्शन में भाग लेने जा रहे कर्मचारियों के वाहनों को रोकना निंदनीय : यादव

■ सरकार वार्ता करने के बजाय दमनकारी नीतियां अपना रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

प्रदेश सरकार द्वारा कच्चे कर्मचारियों को हटाने के विरोध में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का कुरुक्षेत्र प्रदर्शन में भाग लेने जा रहे कर्मचारियों की बसों को रविवार सुबह पुलिस द्वारा कब्जे में ले लिया और उसे शहर थाना ले गए।

पुलिस द्वारा कर्मचारियों की बसों को कब्जे में लिए जाने के विरोध में कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की और दूसरी बस की व्यवस्था कर कुरुक्षेत्र प्रदर्शन में भाग लेने के लिए रवाना हो गए। पुलिस प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई की सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान सुरेंद्र यादव ब्लॉक प्रधान रविंद्र शर्मा व ब्लॉक कर्मचारियों ने निंदा करते कहा कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों के आंदोलन से घबराई हुई है। सरकार कर्मचारियों से वार्ता करने की बजाय दमनकारी नीतियां अपना रही है। भाजपा सरकार ऐसे करके कर्मचारियों को आन्दोलन से नहीं रोक सकती है। सरकार ने चुनाव से पहले कच्चे कर्मचारियों को जोब सुरक्षा प्रदान की व विधानसभा में अध्यादेश पारित किया वो मात्र चुनावों में लाभ लेने के लिए किया। रिटायर्ड कर्मचारी संघ के प्रधान तुलसीदास व वरिष्ठ उप प्रधान कश्मीरी लाल ग्रोवर ने कहा कि केंद्र सरकार ने दिल्ली चुनाव से पहले आठवें वेतन आयोग गठित करने का बयान जारी किया था लेकिन अब रिटायर्ड कर्मचारियों पर आठवें वेतन आयोग के लाभ नहीं लागू करने का पत्र जारी कर दिया है जिसको लेकर रिटायर्ड कर्मचारियों में काफी रोष बना हुआ है। कर्मचारी सरकार की इस नीति के खिलाफ 22 अप्रैल को पूरे देश में जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन करेंगे तथा सांसदों व मंत्रियों को मौजूदा लोकसभा सत्र में 24 प्रतिशत बढ़ोतरी करते हुए लाभ दिया गया जबकि रिटायर्ड कर्मचारीयों को आठवें वेतन आयोग के लाभों से वंचित किया जा रहा है जिसे कर्मचारी किसी भी सूरत में सहन नहीं करेंगे।

हांसी। दूसरी बस की व्यवस्था कर कुरुक्षेत्र के विरोध प्रदर्शन में भाग लेने जाते ब्लॉक कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

हिसार। हमारा प्यार हिसार के अभियान में शामिल पदाधिकारी व सदस्य।

'हमारा प्यार-हिसार' ने बदली नगर निगम पार्किंग की सूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

'हमारा प्यार-हिसार' की टीम ने रविवार को सिटी थाना के पास नगर निगम के पार्किंग स्थल की दीवार पर पेंटिंग अभियान चलाया। टीम ने इस दीवार पर टेराकोटा पेंट कर उसे आकर्षक लुक दे दिया।

दीवार के साथ झाड़ियां उगी हुई थीं और काफ़ी कूड़ा पड़ा हुआ था। टीम के सदस्यों ने कूड़े को हटाया व झाड़ियों को काट कर वहां सफाई कर दी। कुछ स्थानीय निवासियों ने भी अभियान में भाग लिया और संस्था के कार्य की सराहना की। अभियान में सुशील खरींटा, डॉ. सुरेंद्र गर्ग, राजेंद्र गहलोत, मंजू पूनिया, जितेंद्र बंसल, गगन मेहता, जितेंद्र सैनी, रेखा गर्ग, सचिन, सुहासिनी, सुमन ऐरन, मधु गोयल, दिनेश बंसल, सत्येंद्र यादव, प्रवीण अग्रवाल, विक्की रौतेला, कमल मित्तल, गुरविंद्र सिंह, रेनू, खुशी गर्ग, राघव, अभिमन्यु, ध्रुव शामिल हुए।

डा. अंबेडकर व फूले का जन्मोत्सव मनाया

■ सृष्टि फाऊंडेशन चाइल्ड एंड वूमेन वेलफेयर सोसाइटी ने किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

सृष्टि फाऊंडेशन चाइल्ड एंड वूमेन वेलफेयर सोसाइटी हरियाणा के तत्वावधान में वार्ड न 8 वाल्मीकि चौपाल में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर और महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्मोत्सव मनाया गया।

सोसाइटी के डायरेक्टर सुधीर नूर ने बताया कि इस कार्यक्रम में जरुरतमंद बच्चों को निशुल्क स्कूल स्टेशनरी वितरित की गई और साथ ही मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। डायरेक्टर सुधीर नूर ने अपने संबोधन में बच्चों को डॉ भीम राव अंबेडकर द्वारा दिए तीनों मूल सिद्धांतों शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो के बारे में विस्तार से बताया और बाबा साहेब और महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके दिखाई रास्ते पर चलने का आह्वान किया जिसमें संगठन के सदस्य ओर सामाजिक कार्यकर्ता तथा सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्रमुख समाजसेवी मास्टर ईश्वर ने शिरकत की और अध्यक्षता रवि ब्रूट अध्यक्ष विकलांग मंच बरवाला ने की।

बरवाला। डॉ भीमराव अंबेडकर और महात्मा ज्योतिबा फुले के जन्मोत्सव का दीप प्रज्ज्वलित करके शुभारम्भ करते हुए।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मुकेश डूलगच, मुकेश गर्ग, मल्लिका हिसार, अनु जुगलान, मीरा लोट, मांगेराम बिश्नोई, ज्योति चौहान, सुमित अटवाल, मोहित सिरसवल, मोहित बरूट ,राहुल घाग़ट, जीवन सिंह, सुरेश अटवाल, प्रदीप ककड़ोद व बाला हिसार समेत बरवाला शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

जनमानस सेवा समिति ने लगाया शिविर, 157 यूनिट रक्त एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जनमानस सेवा समिति की ओर से रविवार को पुरानी सब्जी मंडी चौक स्थित सरकारी मिडल स्कूल नंबर-3 में सातवां रक्तदान शिविर लगाया गया। सुबह 9 बजे से शाम 3.30 बजे तक चले शिविर में 157 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

जनमानस सेवा समिति के प्रेस सचिव अंबिका प्रसाद ने बताया कि शिविर में मुख्यातिथि के रूप में हिसार की विधायक सावित्री जिंदल के प्रतिनिधि जगदीश जिंदल ने शिरकत की और रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता रामनिवास राड़ा, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर अनिल मानी, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर डीएन सैनी, मनोहर मोर्चा से सुभाष ढींगड़ा, पार्षद भीम महाजन, रवि जमालपुरिया, हरि सिंह सांखला, संजय डालमिया आदि पहुंचें। इस मौके पर जनमानस सेवा समिति से राकेश सैनी, दीपक चौधरी, छबीला कटारिया, प्रवीण राड़ा, भीम सैनी, संजीव वर्मा, कृष्ण सैनी, कैशियर कृष्ण सैनी, रतन सैनी, विरेंद्र सैनी, कैलाश सैनी, रमेश सैनी, सुंदर सैनी, मोनू सैनी, डॉ. विजय, संजय ठकराल आदि मौजूद रहे।

हिसार। शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता।

लोक निर्माण मंत्री गंगवा आज करेंगे पेयजल परियोजना का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा 21 अप्रैल को नलवा और बालावास गांव के लिए बालावास गांव में 681.65 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाली एक महत्वाकांक्षी पेयजल परियोजना का शिलान्यास करेंगे।

मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि यह परियोजना ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का स्थायी समाधान प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार गांव-गांव तक स्वच्छ पानी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। हरियाणा सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का हर नागरिक बुनियादी सुविधाओं से लाभान्वित हो।

■ कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि इस परियोजना के तहत बीएनसी सिवानी फीडर से नलवा और बालावास वाटर वर्क्स तक जलापूर्ति की व्यवस्था की जाएगी, जिससे नलवा और बालावास गांव के निवासियों को स्वच्छ और निर्बाध पेयजल सुविधा प्राप्त होगी। शिलान्यास कार्यक्रम में नलवा के विधायक रणधीर पनिहार की गरिमामय उपस्थित रहेगी। शिलान्यास कार्यक्रम के बाद जनसुनवाई भी की जाएगी।

खेदड़ स्कूल में मनाई महात्मा हंसराज की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

थर्मल कॉलोनी खेदड़ में स्थित डीएवी राजीव गांधी थर्मल पावर प्लांट पब्लिक स्कूल के प्रांगण में महात्मा हंसराज की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर हवन यज्ञ और विविध गतिविधियों आयोजित की गईं जिसमें कक्षा नर्सरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में आध्यात्मिक विकास और शांति को बढ़ावा देने के लिए पवित्र हवन यज्ञ, मानसिक स्पष्टता और एकाग्रता बढ़ाने के लिए मन को शांत करने वाले सूक्ष्म व्यायाम, टीम वर्क, आपसी विश्वास, सहयोग और शारीरिक गतिविधि को बढ़ावा देने के लिए इंटरैक्टिव गेम्स और आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देने के लिए मस्तिष्क को विकसित करने वाली गतिविधियां शामिल रही। स्कूल की प्रिंसिपल कोमल शर्मा ने अपने प्रेरक भाषण में बच्चों को महात्मा हंसराज के जीवन मूल्यों और आदर्शों के बारे में विस्तार से बताया। बच्चों ने अपनी जिज्ञासा शांत करने के लिए प्रश्न पूछे और अपने अनुभव सांझा किए। प्रिंसिपल कोमल शर्मा ने बच्चों को इन सिद्धांतों को आत्मसात करने और जीवन में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को जीवन कौशल विकसित करने, समग्र विकास को बढ़ावा देने और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाना था।

बरवाला। जयंती कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल प्रिंसिपल कोमल शर्मा, स्कूल स्टाफ।

निदेशक ने किया गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आदमपुर

गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक मंडी आदमपुर में तकनीकी शिक्षा विभाग, हरियाणा के निदेशक डॉ. केके कटारिया ने औपचारिक दौरा कर संस्थान की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों का गहन अवलोकन किया। संस्थान पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. कुलवीर सिंह अहलावत ने उनका स्वागत किया।

दौरे के दौरान डॉ. कटारिया ने संस्थान के विभिन्न विभागों, प्रयोगशालाओं, कक्षाओं एवं अन्य शैक्षणिक परिसरों का निरीक्षण करते हुए सुविधाओं की गुणवत्ता की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी पढ़ाई, प्रैक्टिकल ज्ञान तथा आगामी परीक्षाओं की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक कार्यों में अधिक रुचि लेने और तकनीकी कौशल को निखारने हेतु प्रेरित किया। संस्थान परिसर में व्याप्त स्वच्छता, सुव्यवस्था एवं हरियाली को देखकर डॉ. कटारिया अत्यंत प्रसन्न हुए और इसे अनुकरणीय बताया। डॉ. कटारिया ने संस्थान में विकसित मियावाकी वन का दौरा किया और इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रशंसनीय कदम बताया। उन्होंने इसे तकनीकी संस्थानों में हरित पहल का उत्कृष्ट उदाहरण करार दिया।



आदमपुर। बहुत तकनीकी संस्थान में छात्रों से रूबरू होते हुए डायरेक्टर।

प्लेसमेंट सेल की सराहना

संस्थान में चल रही प्लेसमेंट गतिविधियों और विद्यार्थियों की औद्योगिक उपलब्धियों को देखकर डॉ. कटारिया ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने प्लेसमेंट सेल की कार्यप्रणाली की प्रशंसा की।

इंटक 3 को मनाएगी स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना मंडी

भवन निर्माण मजदूर संघ इंटक यूनियन कार्यालय मे प्रधान एवं महासचिव की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता इंटक यूनियन के जिला अध्यक्ष जोरा सिंह पाबड़ा ने की।

बैठक में मुख्य एजेंडा मजदूर दिवस मनाने, मजदूरों की समस्याओं का समाधान लेबर कोड रद्द करवाने महंगाई पर रोक लगाने आदि मामले रहे।

बैठक में फैसला लिया गया कि स्थापना दिवस कांग्रेस भवन हिसार में मनाया जाएगा जिसमें कार्यकर्ताओं व नेता भाग लेंगे। इस मौके पर उकलाना ब्लॉक प्रधान केसर भेरिया, खेड़ी चौपटा प्रधान चतर सिंह, अग्रोहा प्रधान धर्मबीर कुलेरी, आदमपुर तहसील प्रधान अनूप सारंगपुर, उकलाना ब्लॉक महासचिव प्रवीन कुमार बोस्ती, अग्रोहा ब्लॉक महासचिव जितेन्द्र मलिक, आदमपुर तहसील महासचिव राधेश्याम, बरवाला ब्लॉक अध्यक्ष मीना खेदड़ आदि मौजूद रहे।

उकलाना मंडी। इंटक की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

बैठक | यौन उत्पीड़न के आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग

जनवादी महिला समिति ने मेदांता हॉस्पिटल में एयर होस्टेस यौन उत्पीड़न मामले की निंदा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जनवादी महिला समिति ने गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती एयर होस्टेस के साथ यौन उत्पीड़न मामले की कड़ी निंदा की है। समिति ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

इस संबंध में समिति की बैठक जिला प्रधान शकुंतला जाखड़ की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सचिव बबली लांबा, वित सचिव निर्मला, उप प्रधान सुशीला पूर्व बीडीसी सदस्य, संतोष श्योकंद व विद्या भी मौजूद रही। बैठक में कहा गया कि गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल के आईसीयू में इलाज के लिए भर्ती एयर होस्टेस के साथ यौन उत्पीड़न का बेहद भयावह मामला सामने आया है। पश्चिम बंगाल की रहने वाली 46 वर्षीय एयर होस्टेस ने कहा है कि वह स्विमिंग पूल में डूबने की वजह से गंभीर रूप से बीमार होकर मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती थी। गत 6 अप्रैल को अस्पताल के आईसीयू रूम में दो नर्सों के सामने एक आदमी ने उसके साथ डिजिटल रेप किया।

वेंटिलेटर पर जिंदगी और मौत से जूझ रही महिला के साथ यौन उत्पीडन की यह भयावह घटना कई सवाल खड़े कर रही है। हमारे समाज में वहशियत इतनी अधिक बढ़ गई है कि वेंटिलेटर पर भी महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। इलाज के लिए भर्ती अर्द्ध मूर्छित महिला को भी नहीं छोड़ा जा रहा। यह वहशी मानसिकता हमारे समाज के लिए गंभीर खतरा है। यह घटना मेदांता जैसे प्रतिष्ठित अस्पताल में मरीजों की सुरक्षा की चिन्ताजनक स्थिति को भी सामने ला रही है। जनवादी महिला समिति ने मांग की कि राज्य सरकार इस घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

हिसार। जनवादी महिला समिति की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

जगन्नाथ मंदिर से निकली गौर-निताई शोभायात्रा

हिसार। जगन्नाथ मंदिर, सेक्टर 9-11 के तत्वाधान में आयोजित की गई गौर-निताई शोभायात्रा में सैंकड़ों भक्तों ने भाग लेकर साक्षात प्रभु के दर्शन किये। शोभा यात्रा ने शहरवासियों को आध्यात्मिक उल्लास और मधुर हरिनाम के प्रतिध्वनित नाम संकीर्तन से आनंदित कर दिया। हरियाणा के अलावा देश-विदेश से आए विभिन्न कृष्ण भक्तों ने इस भव्य संकीर्तन यज्ञ में भाग लिया। इटली से पधारे श्रीयुत कृष्णलोक दास, स्पेन से पधारे श्रीयुत गोपाल भट्ट दास और आस पास के देशों से आए भक्तों ने इस शोभा यात्रा में हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे महामंत्र पर नृत्य संकीर्तन किया। इस भव्य यात्रा में श्रील प्रभुपाद और गौर-निताई की उपस्थिति ने एक अद्भुत भक्ति और आनंद का वातावरण बनाया। शोभा यात्रा में उच्च स्वर में मधुर हरिनाम कीर्तन, भव्य साज सज्जा और सामुदायिक एकता का भाव देखने को मिला। बड़ी संख्या में भगवद गीता और अन्य आध्यात्मिक पुस्तकों का वितरण किया गया, जिससे भक्तिमार्ग के ज्ञान और शिक्षाओं का प्रसार हुआ। पूरी शोभा यात्रा में विभिन्न लोगों द्वारा जन-जन को प्रचुर मात्रा में भगवान का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का समापन विशाल भंडारे के साथ हुआ।

विश्वविद्यालयों के प्रति नकारात्मक रवैये पर जताई नाराजगी

हिसार। ऑल हरियाणा यूनिवर्सिटी एम्प्लाइज फेडरेशन (एएचयूईएफ) की बैठक गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के गैर-शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता फेडरेशन के चेयरमैन विपिन वधवा ने की, जबकि संचालन दीपक जांगडा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से मुकेश तंवर को ऑल हरियाणा यूनिवर्सिटी एम्प्लाइज फेडरेशन का प्रेस सचिव नियुक्त किया गया। चेयरमैन विपिन वधवा ने सरकार द्वारा विश्वविद्यालयों के प्रति अपनाए जा रहे नकारात्मक रवैये पर नाराजगी जाहिर की। सरकार विश्वविद्यालयों को बजट, रिक्त पदों की पूर्ति आदि लाभों से वंचित कर रही है।